भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1972

गुरूवार, 14 दिसम्बर, 2023 (23 अग्रहायण, 1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तर-पूर्व क्षेत्र में वायुमार्ग संपर्क

1972. श्री तापिर गाव:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2014 से अब तक उत्तर-पूर्व राज्यों की संख्या क्या है जिन्हें वायुमार्ग संपर्क प्रदान किया गया है;

(ख) इस क्षेत्र में चल रही और प्रस्तावित वायुमार्ग संपर्क परियोजनाओं की स्थिति क्या है; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में हवाई यात्रियों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क): सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के पूर्वोत्तर राज्यों को वर्ष 2014 से हवाई सेवाओं से जोड़ा जा चुका है। पूर्वोत्तर के सभी 8 राज्य में हवाई संपर्क उपलब्ध है।

(ख): 'उड़ान' योजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्यों में विकास और आरसीएस उड़ानों के प्रचालन के लिए 36 हवाईअड्डों/हेलिपोर्टों/वाटर एअरोड्रमों की पहचान की गई है और अभी तक 68 आरसीएस मार्गों पर पहले ही प्रचालन आरम्भ किया जा चुका है।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्रों में हवाई यातायात का ब्यौरा अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

****

अनुलग्नक-1

2020-21 से 2022-23 तक पूर्वोत्तर राज्यों में विमानों की कुल आवाजाही				
हवाईअड्डा	**राज्य**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**
डिब्रूगढ़	असम	3766	5394	7382
गुवाहाटी	असम	23442	33572	45909
जोरहाट	असम	516	728	1253
लखीमपुर (लीलाबारी)	असम	618	1000	1220
रूपसी	असम	0	742	1076
सिलचर	असम	2465	3417	3731
तेजपुर	असम	296	416	712
होलोंगी	अरूणाचल प्रदेश	0	0	476
पासीघाट	अरूणाचल प्रदेश	120	458	777
तेजु	अरूणाचल प्रदेश	4	274	928
ज़ीरो	अरूणाचल प्रदेश	0	0	40
इंफाल	मणिपुर	5681	8811	12098
बारापानी (शिलांग)	मेघालय	146	1816	3198
आइजोल (लिंगपुई)	मिजोरम	1206	2307	4038
दीमापुर	नगालैंड	2529	4848	5415
पाक्योंग	सिक्किम	194	754	324
अगरतला	त्रिपुरा	5063	8272	12203

****